उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार–249404

संख्याः 320/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 22 मार्च, 2024

विज्ञप्ति
असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अन्तर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर **राजनीति शास्त्र** विषयान्तर्गत साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित पद के सापेक्ष 02 गुने से कम होने के कारण परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली–2012 के चतुर्थ संशोधन–2016 के नियम–05 में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में पदों के सापेक्ष ए0पी0आई0 की मेरिट के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार अतिरिक्त अभ्यर्थियों को औपबन्धिक रूप से शार्टलिस्ट किया गया है। औपबन्धिक नवीन शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना/विज्ञप्ति आयोग की ***Website:psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित की गयी है। नवीन शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में किये गये दावों से संबंधित अभिलेख आयोग कार्यालय में **दिनांक 08 अप्रैल, 2024 (सोमवार)** तक उपलब्ध कराये जाने है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी अभिलेख पर विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अन्तर्गत **असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र एवं असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र** विषयान्तर्गत विज्ञप्ति क्रमशः दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 एवं दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 के क्रम में अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूची के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए नियमानुसार समय प्रदान किया गया था, जिसके सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेख प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि तक प्राप्त प्रत्यावेदनों का परीक्षण करते हुए प्रत्यावेदनों का निस्तारण मा0 आयोग द्वारा कर दिया गया है, जिसके क्रम में उक्त विषयों के अन्तिम रूप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की ***Website:psc.uk.gov.in*** पर प्रसारित की गयी है।

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में अभ्यर्थी आयोग की ***Website:psc.uk.gov.in*** का अवलोकन अवश्य करें तथा अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नहीं की जाएगी।

-Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।